तापमान
अधिकतम 43.1 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025

11 आतंकियों की कायराना हरकत से आक्रोश

12 नशा मुक्त घर अभियान आज विश्व की जरूरत

खबर संक्षेप

लाखनमाजरा कॉलेज का दीक्षांत समारोह कल

रोहतक। राजकीय महिला महाविद्यालय लाखनमाजरा में 26 अप्रैल को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह एवं दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मदवि के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में छात्राओं को उनकी शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद तथा अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही दीक्षांत समारोह के अंतर्गत उत्तीर्ण छात्राओं को उपाधियां प्रदान की जाएंगी।

मदवि ने परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2024 में आयोजित एमएफए पेंटिंग्स पंचवर्षीय के तीसरे सेमेस्टर की फ्रेश, एमए-फाइन आर्ट्स ड्राइंग एंड पेंटिंग के प्रथम सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, एमटीटीएम प्रथम सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, एमकॉम आनर्स एनईपी प्रथम सेमेस्टर की री-अपीयर, बीए आनर्स- इकोनॉमिक्स, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, भूगोल, हिन्दी के तीसरे व पांचवें सेमेस्टर रेगुलर, बीएससी-फिजिक्स व जूलोजी के तीसरे व पांचवें सेमेस्टर रेगुलर, बीएससी आनर्स- केमिस्ट्री, कंप्यूटर साइंस, गणित के तीसरे व पांचवें सेमेस्टर रेगुलर, बीए व बीएससी पास तीसरे व पांचवें सेमेस्टर रेगुलर, बीएससी स्पोर्ट्स साइंस तीसरे सेमेस्टर रेगुलर, बीएससी-सांख्यिकी प्रथम सेमेस्टर रेगुलर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।

पाइपलाइन बिछाने को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

रोहतक। जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धाराओं 16 (1) एवं 17 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अमृत कॉलोनी में पानी की पाइप लाइन बिछाने की प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत जनस्वास्थ्य विभाग के डिविजन-2 के एसडीई अनिल कुमार को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए है।

चकमा देकर नोटों की माला लेकर फरार

महम। कार में आए एक युवक द्वारा दुकानदार को चकमा देकर नोटों की माला व नोटों की गड्डी लेकर फरार हो गया। शहर पुलिस चौकी में पुलिस को दी शिकायत में महम के वार्ड 6 निवासी दर्शन लाल पुत्र गोविंद राम ने बताया कि महम के पुराने बस अड्डे पर उसकी खुशदिल किरयाणा स्टोर के नाम से दुकान है। दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर एक स्विफ्ट कार वाला लड़का उसके पास आया। दूसरा लड़का कार के अंदर बैठा था। दुकान पर आए लड़के ने कहा कि उसे 11000 रुपए की नोटों की माला चाहिए और दो गड्डी दस दस रुपए के नोटों की चाहिए हैं। उसने 11 हजार रुपए की माला और 2 गड्डी दस-दस रुपए की दे दी। इसके बाद युवक बोला कि वह कार से पैसे लेकर आता है। इसके बाद आरोपी फरार हो गया।

81 हजार की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने 81 हजार रुपये से ज्यादा की ठगी की वारदात में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके दो दिन के रिमांड पर लिया है। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि भैयापुर लाढ़ौत निवासी नवीन की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया था। जांच में सामने आया कि 17 दिसंबर को नवीन के पास कॉल आया कि ऑनलाइन टास्क पूरा करने के बदले उसे रुपये दिए जाएंगे। जिसके बाद उन्होंने नवीन को टेलीग्राम ग्रुप मे जोड़ दिया। नवीन के एक टास्क पूरा करने पर उन्होंने नवीन को 400 रुपये दे दिए। इसके बाद आरोपी ने 81,574 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। मामले में पुलिस ने महेश को गिरफ्तार किया है।

ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर पुलिस की सख्ती, 4 माह में 27 हजार वाहनों का चालान, 1.53 करोड़ वसूले

■ पिछले साल की तुलना में अब तक करीब 80 प्रतिशत ज्यादा किए चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

यातायान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने सख्ती से निपट रही है। ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वाले वाहन चालकों के धड़ाधड़ चालान काटे जा रहे हैं। पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर वर्ष 2025 के पहले चार महीने में (1 जनवरी से अप्रैल) यानी 120 दिन में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों को कुल 27 हजार 161 चालान जारी किए हैं।

जिनसे 1 करोड़ 53 लाख 22 हजार 700 रुपये का जुर्माना वसूला गया है। एसपी नरेंद्र बिजारणिया ने बताया कि पुलिस ने साल 2024 के मुकाबले साल 2025 में ज्यादा चालान काटे है। साल 2024 में यातायात नियमों के अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर शिकंजा कसते हुए जनवरी से लेकर अप्रैल तक कुल 15133 चालान किए गए थे। साल 2025 में अब तक रोहतक पुलिस द्वारा 27161 चालान किए जा चुके है।

ब्लैक फिल्म वाले निशाने पर

सहायक पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के नियमित रूप से चालान किए जाते है। पुलिस का फोकस ब्लैक फिल्म, ओवर स्पीड, बुलेट पटाखा, बिना आरसी, गलत लेन में वाहन चलाना, बिना नंबर प्लेट, गलत तरीके से पार्क किए गए वाहनों पर है।

लोग शराब पीकर भी सड़कों पर वाहन दौड़ा रहे

जनवरी से लेकर अप्रैल तक साल 2024 में ब्लैक फिल्म के 102 व 2025 में 194 चालान किए गए है। पिछले साल की चार माह की तुलना में 92 चालान ज्यादा किए गए है। 2024 में शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के 18 व 2025 में 216, प्रेशर हॉर्न के साल 2024 में 12 व साल 2025 में 22, 2024 में तेज गति से वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के 390 व साल 2025 में 598, साल 2024 में ट्रिपल राइडिंग के 265 व साल 2025 में 702 चालान किए गए है। 2024 में बगैर नंबर प्लेट-बिना पैटर्न प्लेट के 863 व साल 2025 मे 5652 वाहनों के चालान किए गए है।

गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के सबसे ज्यादा चालान

2024 में गलत जगह वाहन पार्क करने के 2211 व 2025 में 5620, 2024 में गलत दिशा में वाहन चलाने के 1421 व 2025 में 5136 वाहनों के चालान किए गए है। साल 2024 में बिना ड्राइविंग लाइसेंस के 157 व 2025 में 583, 2024 में बिना आरसी के 147 व 2025 में 477 वाहनों के चालान किए गए है। गलत लेन के 2024 में 1271 व 2025 में 1828 चालान किए जा चुके है। 2025 के इन चार माह के दौरान चालानों से सरकारी खजाने में 1 करोड़ 53 लाख 22 हजार 700 रुपये जमा हुए है। पिछले साल जनवरी से लेकर अप्रैल तक 6709300 जुर्माना के रुपये जमा हुए थे।

90 दिन के अंदर चालान भरना जरूरी : पुलिस

वाहन चालकों द्वारा समय सीमा 90 दिनों के अंदर चालान का भुगतान करना होता है, लेकिन वाहन चालक 90 दिनों के बाद भी चालान का भुगतान नहीं करते है। यातायात पुलिस द्वारा अलग-2 स्थानों पर नाकाबंदी कर ऐसे वाहनों की जांच की जा रही है, जिन्होने चालान का भुगतान नहीं किया है। जांच के दौरान 1 से 23 अप्रैल तक मोटर वाहन अधिनियम की धारा तहत कुल 216 वाहनों के दस्तावेजों को जब्त किया गया। इस दौरान 51 वाहन चालकों द्वारा चालान का भुगतान किया गया। चैकिंग के दौरान 32 वाहनों को भी जब्त किया गया। वाहन मालिकों द्वारा चालान का भुगतान होने पर 30 वाहनों को छोड़ दिया गया।

ऐसी चल रही जांच

बाजारों में पुलिस बल तैनात

वर्ष 2025 के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर शिकंजा कसने मे कामयाबी हासिल की है। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए रोहतक पुलिस द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे है। सभी व्यस्त चौराहों व बाजारों में पुलिस बल तैनात किया गया है।

रॉन्ग साइड व बिना हेलमेट वाले सबसे ज्यादा पकड़े

नीरज वर्मा ⏭ रोहतक

यातायात नियमों को पालन करने के लिए पुलिस भले ही कितनी भी मुहिम चला रही हो या फिर कार्रवाई कर रही हो, लेकिन यातायात नियम तोड़ने वाले फिर भी पीछे नहीं हट रहे हैं। हैरानी बात यह है कि वर्ष 2025 में केवल ऐसे वाहनों के काटे गए जो गलत साइड में चल रहे थे। अन्य वर्षों के मुकाबले यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा हैं। दूसरे स्थान पर हेलमेट नहीं लगाने वालों के चालान काटे गए। इससे सरकार का खजाना तो भर रहा है, लेकिन वाहन चालकों को सीख लेने की भी जरूरत है।

नाबालिगों के हाथ में चाबी

जागरूकता के बाद भी नाबालिगों के हाथों में भी वाहन दिए जा रहे हैं। 2024 के आंकड़े पर नजर डालें तो पुलिस ने साल भर में 102 ऐसे वाहनों के चालान काटे, जिन्हें नाबालिग चला रहे थे। इसके अलावा 139 ऐसे लोगों के चालान काटे गए, जो दोपहिया वाहन पर पीछे बिना हेलमेट के बैठे थे। 110 ऐसे भी रहे जो शराब पीकर वाहन चला रहे थे। साल भर में कुछ ऐसे भी नियम रहे, जिनका पूरे जिले में एक भी चालान नहीं काटा गया। इसमें ओवरस्पीड, बिना अनुमति के लेजर लाइट और सरकारी वाहन शामिल है। दरअसल, ओवरस्पीड वाहनों का चालान काटने के लिए पुलिस के पास फिलहाल पूरा सिस्टम ही नहीं है। इसके लिए अलग से एक गाड़ी में पूरा सिस्टम तैयार किया जाता है, जो वाहन की स्पीड को मांपता है, जिसके बाद वाहन चालान काटा जाता है।

नियमों का पालन सबसे के लिए जरूरी

यातायात नियमों को तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। वाहन चालकों से भी अपील है कि नियमों का पालन करें। नियमों का पालन करने से अपने साथ-साथ दूसरे की जान भी सुरक्षित रखी जा सकती है।

-नरेंद्र बिजारणिया, एसपी, रोहतक

इन वाहन चालकों के कटे सबसे अधिक चालान

सबसे अधिक चालान रॉग साइड के 5136, रॉग पार्किंग के 5620, बिना हेलमेट के 11322, बिना नंबर प्लेट के 4188, बिना ड्राइविग लाइसेंस के 583 और बिना आरसी के 477 वाहनों के चालान किए गए।

वर्ल्ड मास्टर्स गेम जेवलिन थ्रो में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे गुलशन शर्मा

रोहतक। 17 से 30 मई तक ताइपे, ताईवान में होने वाली वर्ल्ड मास्टर्स गेम के लिए शिवाजी कॉलोनी निवासी वेटरन खिलाड़ी गुलशन शर्मा का 65 प्लस आयु वर्ग में चयन हुआ है। गुलशन शर्मा वर्ल्ड मास्टर्स गेम में जेवलिन थ्रो इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। गांव आवंल जिला रोहतक के रहने वाले गुलशन शर्मा ने 2018 में मलेशिया में सम्पन्न हुई, एशिया पैसिफिक मास्टर्स गेम में जेवलिन थ्रो स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीत कर भारत का परचम लहराया था। वर्ष 2011 में पूना में सम्पन्न हुई इंटरनेशनल चेम्पियन में भी जेवलिन थ्रो स्पर्धा में चोथी पोजीशन हांसिंल की थी। इसके लिए वह राजीव गांधी स्टेडियम में तैयारी कर रहे है।

मदीना व भैणीभैरों गांवों के खेतों आग लगी, किसानों की गेहूं की फसल, ट्यूबवेल और सोलर प्लेट जली

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

वीरवार का दिन दमकल विभाग के कर्मचारियों के लिए काफी मशक्कत भरा रहा। महम क्षेत्र में दो जगहों पर खेतों में गेहूं के फोनों में आग लग गई। आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि उसको बुझाने में काफी समय लग गया। मदीना में टोल प्लाजा के पास खेतों में आग लग गई। यहां मदीना कोरसान गांव निवासी सचिन पुत्र सुनील के 9 एकड़ खेत में आग फैल गई और सात एकड़ सौरव पुत्र देवेंद्र खेत में आग लग गई। यह घटना दोपहर 12 बजे की है। देखते ही देखते यह आग फैलती चली गई और सैकड़ों एकड़ में गेहूं के फाने जल गए। इससे पहले सुबह 11 बजे भैणी भैरों गांव के खेतों में अचानक आग लग गई।

महम। आग को बुझाने में जुटे दमकल विभाग के कर्मचारी।

महम। नुकसान को बेबस होकर देखते भैणीभैरों के किसान।

तेजी से फैलती चली गई आग : आग लगने की सूचना पाकर दमकल विभाग की गाड़ी दोनों जगह मौके पर पहुंची। लेकिन आग इतनी भयंकर थी कि एक गाड़ी से काबू नहीं पाया गया। अन्य दमकल गाड़ियों को बुलाना पड़ा। वहीं ग्रामीणों ने भी आग पर काबू पाने के काफी मशक्कत करनी पड़ी। तब जाकर खेतों में भड़की आग पर काबू पाया जा सका।

सुबह 11 बजे के आसपास लगी आग : आग लगने से भैणी भैरों व मदीना गांव के किसानों को काफी नुकसान हुआ है। भैणीभैरों के ग्रामीणों ने बताया कि आग सुबह 11 बजे लगी थी जिससे काफी नुकसान हुआ है उनका कहना है कि गेहूं की लगभग 100 एकड़ फसल जलकर राख हो गई वहीं लगभग 250 एकड़ गेहूं के अवशेष जल गए। जिनसे किसानों को पशुओं के लिए तूड़ी बनवानी थी। इसके अलावा किसानों ने बताया कि खेतों में लगी सोलर प्लेट भी जली हैं। जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है। किसानों ने आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

नागरिक अस्पताल के बाहर कूड़े के ढेर से मरीज हो रहे परेशान

रोहतक। सिविल अस्पताल के बाहर लगे कूड़े के ढेर को खत्म करवाने के लिए वार्ड सात के पार्षद कपिल नागपाल ने सिविल सर्जन रमेशचंद्र को एक शिकायत पत्र लिखा है। इस पत्र को लेकर सिविल सर्जन रमेशचंद्र ने उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा को यहां से कूडे का डंप खत्म करवाने के लिए पत्र लिखा है। ताकि बीमारियां न फैल सकें।

- वार्ड सात के पार्षद कपिल नागपाल ने सिविल सर्जन को पत्र लिखा
- कचरे से बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा : कपिल

पार्षद कपिल नागपाल ने बताया कि सिविल अस्पताल में रोजाना हजारों मरीज इलाज करवाने के लिए आते रहते है। लेकिन इसके बाहर बने कूड़े के डंप से बदबू आती रहती है। ऐसे में और बीमारियां फैलने का भय बना रहता है। ऐसे में उन्होंने लोगों से अपील भी की है कि आमजन यहां पर कूड़ा करकट न डाले। ताकि लोग बीमारियों से बचें रहे। ऐसे में बीमारियां फैलने के खतरे से लोगों में भय भी बना रहता है। यहीं नहीं तेज हवा के कारण बहुत बार अस्पताल के अंदर तक कूड़े की बदबू चली जाती है। ऐसे में मरीजों को मुंह पर कपड़ा ढ़ककर रखना पड़ता है।

हरियाणवी फिल्म 'देसी' के प्रीमियर पर उमड़ी म्यूजिक इंडस्ट्री, आज स्टेज एप पर होगी रिलीज

दोस्तों व गायकों ने मिलकर बनाई फिल्म, स्वस्थ मनोरंजन के साथ नशे के खिलाफ संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा की मिट्टी की खुशबू और मां बोली की महक से सजी हरियाणवी फिल्म 'देसी' का प्रीमियर गुरुवार को इंडस पब्लिक स्कूल रोहतक के ऑडिटोरियम में किया गया। इस मौके पर हरियाणवी म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े दिग्गज सितारों ने पहुंचकर कलाकारों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने फिल्म देखने के बाद कहा कि कलाकारों ने बेजोड़ काम किया है। निश्चित रूप से इस तरह की फिल्में ही हरियाणवी सिनेमा को आगे बढ़ाएंगी। फिल्म के प्रोड्यूसर व एक्टर अमित ढुल और डायरेक्टर मोहन बेताब ने कहा कि यह फिल्म स्वस्थ मनोरंजन के साथ-साथ नशे के खिलाफ समाज को संदेश देगी। फिल्म शुक्रवार को स्टेज एप पर रिलीज हो रही है।

इंडस्ट्री के दिग्गज सितारे पहुंचे

फिल्म 'देसी' के प्रीमियर के मौके पर हरियाणवी गायक व कलाकार राममेहर मेहला, आजाद सिंह खांडाखेड़ी, अमित सैनी रोहतकिया, देव कुमार देवा, विजय वर्मा, नीतू वर्मा, विश्वास चौहान, बिंटू पावड़ा, रणजीत चौहान, विशु पुट्ठी, जीत घनघस और विनोद पनिहारी आदि मौजूद रहे। क्षितिज गुप्ता, नवीन नैन, सुमित काजला, अमित नैन, सतेंद्र सहरावत, योगी अनजाना, कुलदीप कुणाल व अभिमन्यु आदि भी प्रीमियर में शामिल रहे। राममेहर मेहला ने कहा कि फिल्म देसी में सभी कलाकारों ने बढ़िया काम किया है। वह दिन दूर नहीं जब हरियाणवी फिल्म इंडस्ट्री से भी सुपरस्टार निकलेंगे।

देव कुमार देवा ने कहा कि पंजाबी इंडस्ट्री में भी गायकों ने ही फिल्में बनाने की शुरुआत की थी। अब हरियाणवी इंडस्ट्री में भी उसी तर्ज पर फिल्में बननी शुरू हुई हैं, यह अच्छा संकेत है। हरियाणवी म्यूजिक इंडस्ट्री आज पूरे पीक पर है।

■ फिल्म के प्रोड्यूसर व एक्टर अमित ढुल और डायरेक्टर मोहन बेताब ने कहा, फिल्म से हरियाणवी सिनेमा को मिलेगा बढ़ावा

ऐसे धरातल पर उतरी फिल्म

फिल्म के प्रोड्यूसर अमित ढुल ने बताया कि वह हरियाणवी म्यूजिक इंडस्ट्री में काफी समय से काम कर रहे हैं। उनके कई हिट गाने आए हैं। मेरे साथ विक्रम, आमिन बड़ौदी, मोहन बेदाग भी म्यूजिक इंडस्ट्री में हैं। तीन साल पहले हमने फिल्म बनाने की सोची। इसमें विशाल, मीनाक्षी, सीड, रतनलाल और स्क्रिप्ट राइटर अंकुर को भी जोड़ा। सभी दोस्तों ने अभावों के बावजूद रात-दिन की मेहनत के बाद यह फिल्म तैयार की। फिल्म एक गांव में अवैध देसी शराब के धंधे की कहानी के चारों ओर बुनी गई है। फिल्म नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक भी करती है।

सस्पेंस, ड्रामा, कॉमेडी और रोमांस का बेहतरीन संगम

डायरेक्टर मोहन बेदाग ने बताया कि इस फिल्म में सस्पेंस, ड्रामा, कॉमेडी और रोमांस का बेहतरीन मिक्सचर है। विक्रम और मीनाक्षी की लव स्टोरी भी दर्शकों के दिलों को छुएगी। इस फिल्म को बनने में पूरे तीन साल लगे हैं। अधिकांश शूटिंग हिसार और साथ लगते राजस्थान के इलाके में हुई है। पोस्ट प्रोडक्शन का काम मोहाली और मुम्बई में हुआ है। फिल्म के कई गाने भी दर्शकों की जुबां पर जरूर छाएंगे। इसमें रोमांटिक गाने के साथ-साथ रैप भी है।

चरस की खेप के साथ तस्कर गिरफ्तार, केस

रोहतक। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा प्रदेश को नशा मुक्त करने के हरियाणा सरकार के अभियान को साकार करने में एनसीबी लगातार सफलताएं पा रही है।

इसी कड़ी में सफलता प्राप्त करते हुए ब्यूरो की रोहतक यूनिट ने सोनीपत कमिशनरेट के थाना शहर गोहाना एरिया में रोहतक-पानीपत रोड पर जींद बाईपास फ्लाइओवर के नीचे नाका लगाकर के निजी वाहन में अवैध नशीला पदार्थ लेकर आ रहे एक नशा तस्कर को काबू किया है। ब्यूरो प्रमुख-महानिदेशक ओपी सिंह के दिशा निर्देशों पर पूरे प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। हरियाणा एनसीबी रोहतक यूनिट के इंचार्ज निरीक्षक सुखपाल सिंह ने बताया कि टीम थाना शहर गोहाना के एरिया में बस स्टैंड गोहाना पर मौजूद था।

तभी गुप्त सूचना मिली कि रोहतक पानीपत हाइवे पर एक नशा तस्कर अपनी कार में अवैध नशीले पदार्थ लेकर पानीपत की तरफ से आ रहा है। टीम ने तुरन्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को अवैध नशीले पदार्थ चरस सहित काबू किया है। आरोपी के पास से 742 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।



रोचक / रजनी अरोड़ा

टनल यानी सुरंग, जिसके भीतर से हम गुजरते हुए अपना रास्ता तय करते हैं। टनल, पहाड़ या चट्टान को काट कर ही नहीं, कुछ टनल पेड़ के बीच या किसी विशाल टॉवर की मंजिलों के बीच भी बने हैं, जिन्हें देखकर हर कोई आश्चर्यचकित रह जाता है।

आश्चर्यचकित करने वाले दुनिया के अनोखे टनल

5वीं-7वीं मंजिल के बीच टॉवर टनल, जापान

जापान की टॉवर टनल की खास बात यह है कि यह एक 16 मंजिला ग्रेट टॉवर ऑफिस बिल्डिंग की 5वीं-7वीं मंजिल के बीच में से होकर गुजरती है। इस टनल में बने हानशिन एक्सप्रेसवे पर ट्रांसपोर्ट भी चलता है। यह एक्सप्रेसवे जापान के ओसाका शहर में बना है। सन 1992 में बनी यह टनल 71.9 मीटर (236 फीट) ऊंची है। टनल को ऐसी तकनीक से डिजाइन किया गया है कि इस पर गुजरते ट्रैफिक के शोर और वाइब्रेशन का कोई असर बिल्डिंग की अन्य मंजिलों पर नहीं पड़ता। *

पेड़ के तने के बीच सेक्यूआ टनल, अमेरिका

बच्चो, एक ऐसी टनल भी है, जिसे पेड़ के तने को काट कर बनाया गया है। यह टनल है-कैलिफोर्निया, अमेरिका के सेक्यूआ नेशनल पार्क में, जो दुनिया की सबसे छोटी टनल है। इस पार्क में सेक्यूआ के बड़े-बड़े पेड़ हैं। 1937 में ऐसा ही एक बहुत बड़ा पेड़ प्राकृतिक कारणों से पार्क के रास्ते में सड़क पर गिर गया था। 84 मीटर (275 फुट) लंबे इस पेड़ का तना 6.4 मीटर (21 फुट) का था। इसके तने की चौड़ाई देखकर पार्क के अधिकारियों ने इस पेड़ को हटाने के बजाय इसके तने को काटकर उसके बीच में से गुजरता रास्ता बनाने का फैसला किया। सड़क की चौड़ाई के हिसाब से इसके तने को 2.4 मीटर (8 फुट) लंबाई और 5.2 मीटर (17 फुट) चौड़ाई में काट कर टनल का रूप दिया गया। आज भी यह टनल पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, इसके नीचे से कार आराम से गुजर जाती है। *

फूलों के बीच मजा विस्टेरिया टनल, जापान

बच्चो, अगर तुम्हें फूलों के बीच बने टनल से गुजरने का मौका मिले तो कैसा लगेगा! मानी बात है, बहुत मजा आएगा। ऐसी ही एक टनल जापान के किटक्युशू द्वीप के कावाची फूजी गार्डन में है, जिसका नाम है-विस्टेरिया टनल। कावाची फूजी गार्डन में बनी बेलनाकार जाली के ऊपर विस्टेरिया फूलों के झाड़ीनुमा पौधों को इस तरह बढ़ने दिया जाता है कि वो टनल का आकार ले लेते हैं। 110 मीटर लंबे इस टनल में 20 से अधिक किस्मों के 150 से भी अधिक विस्टेरिया फूलों के पौधे लगाए जाते हैं। अप्रैल-मई के महीने में यह टनल रंग-बिरंगे विस्टेरिया फूलों से भर जाती है, जो देखने में बहुत मनभावन लगती है। इस टनल को दूर-दूर से पर्यटक देखने आते हैं। *

पेड़-पौधों की हरियाली से सजी टनल ऑफ लव, यूक्रेन

जिस तरह जापान की विस्टेरिया टनल फूलों से सजी है, उसी तरह यूक्रेन में स्थित क्लेवान टनल, पेड़-पौधों की हरियाली से सजी है। यह टनल करीब 3 किलोमीटर लंबी है। यह जंगल के उस रेलवे ट्रैक के आस-पास बनी है, जिस पर गुजरकर दिन में तीन बार जंगल से कटी लकड़ियां ट्रेन, फैक्ट्रियों तक पहुंचाती है। अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के कारण इसे टनल ऑफ लव नाम दिया गया है। जब इस टनल से ट्रेन के गुजरने का समय नहीं होता, तब पर्यटक इस टनल के रेलवे ट्रैक पर पैदल चलने का भी आनंद लेते हैं। *

अंडरग्राउंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पाथ टनल, कनाडा

बच्चो, जिस तरह दिल्ली में स्थित पालिका बाजार, अंडरग्राउंड बना हुआ है, इसी तरह कनाडा के टोरंटो में भी पाथ अंडरग्राउंड टनल में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स है। यह टोरंटो के ऑफिस टॉवर के नीचे है, जो 30 किलोमीटर लंबा है। यहां तकरीबन 1200 रिटेल शॉप्स, 20 पार्किंग गैराज हैं। वर्ष 1900 में पैदल यात्रियों के लिए शुरू की गई यह टोरंटो की पहली टनल थी। 1960 के दशक में इसमें अंडरग्राउंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनने शुरू हो गए। गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स के अनुसार यह दुनिया का सबसे बड़ा अंडरग्राउंड टनल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स है। इस टनल से रोजाना करीब 1 लाख लोग गुजरते हैं। *

मल्टीमीडिया इफेक्ट्स का आनंद द बंड टनल, चीन

चीन के शंघाई शहर में हुआंगपू नदी के नीचे बने द बंड टनल में चारों तरफ 6 चैनल एंप्लीफाइस सिस्टम और साउंड इफेक्ट्स जैसी लेटेस्ट साइकेडेलिक मल्टीमीडिया

टेक्नोलॉजी फिट की गई हैं। पर्यटकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण है-यहां बने रेलवे ट्रैक पर चलने वाली ऑटोमेटिक ट्रांसपेरेंट मागलेव ट्रेन की राइड। यहां ऑटोमेटिक मागलेव ट्रेन मे घूमते हुए शानदार ऑडियो-वीडियो युक्त मल्टीमीडिया इफेक्ट्स का आनंद लिया जा सकता है। *

दुनिया का आठवां आश्चर्य नेचुरल टनल, अमेरिका

अमेरिका के वर्जीनिया में स्थित लाखों साल पुरानी यह नेचुरल टनल, आज भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। पहले यहां चूना-पत्थर (लाइमस्टोन) की चट्टानें हुआ करती

थीं, जो कार्बनिक एसिड मिले ग्राउंडवाटर के रिसने से धीरे-धीरे टूटती गईं और अपने-आप ही टनल का रूप लेती गई। आज भी यह टनल 61 मीटर (200 फुट) चौड़ी और 24 मीटर (80 फुट) लंबी है। 1896 में इसे दुनिया का आठवां आश्चर्य घोषित किया गया था। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा

बच्चो, कहानी-कविता की किताबें तो तुम खूब पढ़ते होगे, लेकिन क्या इनके अलावा ज्ञानवर्धक और नॉन-फिक्शन किताबें भी पढ़ते हो? ऐसी किताबें तुम्हें आज की दुनिया के साथ जोड़े रखती हैं, जानकारी बढ़ाती हैं और कुछ अच्छा करने, कुछ बनने की राह दिखाती हैं। कुछ समय पहले ऐसी ही एक किशोरोपयोगी प्रेरक किताब 'भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा' छपकर आई है। इस किताब में 15 भारतीय महिला वैज्ञानिकों के बारे में बताया गया है। उन वैज्ञानिकों ने विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान तो दिया ही है, साथ ही उनकी यह यात्रा भी कम रोचक नहीं रही है, क्योंकि उन्होंने तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करके ऊंचा मुकाम बनाया है। इन महिला वैज्ञानिकों के बारे में पढ़कर तुमको बहुत कुछ जानने-सीखने का अवसर मिलेगा। *

किताब: भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा, **लेखिका**: अनुपमा गोरे, **मूल्य**: 200 रुपए, **प्रकाशक**: आईसेक्ट पब्लिकेशन, भोपाल

बूझो तो जानें

1 नभ में एक धनुष बनता है
जिसके रंग हैं पूरे सात।
नहीं हाथ में आ सकता है
दिखता, जब होती बरसात।

2 खाओगे तो स्वाद है कड़वा
कहलाता हूं बड़ा हकीम।
सबको शीतल छाया देता
चिड़ियां करती प्यार असीम।

3 एक वर्ष के लिए मैं आऊं।
दिवस, दिनांक, मास बतलाऊं।
छोटे-बड़े हैं बारह बच्चे।
सभी नेक हैं, सीधे-सच्चे।

-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1. इंद्रधनुष, 2. नीम, 3. कैलेंडर

जीके क्विज-151

1. आईपीएल में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले खिलाड़ी का नाम क्या है?
2. हाल में भारत आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति का क्या नाम है?
3. खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
4. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
5. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
6. विश्व श्रमिक दिवस कब मनाया जाता है?
7. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
8. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस प्रदेश में स्थित है?
9. वायुमंडल में किस गैस का प्रतिशत सबसे अधिक पाया जाता है?
10. अरुणाचल प्रदेश की राजधानी कहां है?



बच्चो, जीके क्विज-151 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-150 का उत्तर : 1.1970 ई., 2.गैलॉर्ड नेल्सन, 3.विराट कोहली, 4.पुर्तगाल, 5.एस. जयशंकर, 6.मासिनराम, 7.कोलकाता, 8.जयप्रकाश नारायण, 9.चैत्र, 10.तिरुवनंतपुरम

जीके क्विज-150 का सही उत्तर देने वाले : राजेंद्र-चांपा, कबीर-हिसार, रमेश-रायगढ़, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, शताक्षी-दुर्ग, हर्ष-रायपुर, सचिन-रोहतक, अमन-बिलासपुर, आयुष-ईमेल से, दिव्या-रोहतक

कहानी / राजेंद्र श्रीवास्तव

स्वप्निल का जन्मदिन आया तो वह अपनी बहन चिया के साथ इसकी तैयारी में जुट गया। जन्मदिन की तैयारी में वह ऐसा खोया कि रात सोने पर भी सपने में वह अपना जन्मदिन बड़े अनोखे अंदाज में मनाते दिखा। आंख खुली तो उसे अपने आप पर खूब हंसी आई, साथ में मम्मी-पापा और चिया भी खूब हंसे। ऐसा क्या सपने में देखा स्वप्निल ने?

स्वप्निल का सपना

स्वप्निल आज बहुत खुश था। वह खुशी-खुशी अपने सभी दोस्तों को बता रहा था, 'कल मेरा जन्मदिन है।' उसने अपने सभी दोस्तों को बर्थ-डे पार्टी में इनवाइट किया था। सबने वादा किया कि वह कल उसकी बर्थ-डे पार्टी में जरूर आएंगे। स्वप्निल की बहन चिया भी इस पार्टी को लेकर बहुत उत्साहित थी। स्कूल से घर आकर दोनों शाम तक बर्थ-डे पार्टी की तैयारी में लगे रहे। स्वप्निल उतावला हो रहा था, कब रात बीते और सवेरा हो और वह अपनी बर्थ-डे पार्टी मनाए।

स्वप्निल का उतावलापन देखकर मां ने कहा, 'बेटा, क्या जागते-जागते ही रात काटोगे, अब सो जाओ।'

स्वप्निल ने मां की बात मानी और आकर अपने बिस्तर पर लेट गया। कल की पार्टी के बारे में सोचते-सोचते कब वह सो गया, पता ही नहीं चला। सपने में स्वप्निल ने देखा कि वह किसी घने जंगल से गुजर रहा है। तभी सामने एक बड़ी-सी नदी दिखाई दी। नदी पर लंबा और आड़ा-तिरछा, ऊंचा-नीचा पुल है। पुल के दूसरी ओर एक सजी हुई टेबल पर उसका मनपसंद बहुत ही सुंदर-सा केक रखा है। केक के आस-पास बहुत सारे गिफ्ट भी रखे हुए हैं। उसके सभी दोस्त और चिया भी वहां धूम मचा रहे हैं। तभी उस दूसरे किनारे से चिया ने आवाज दी, 'स्वप्निल जल्दी आओ, यह केक तुम्हें ही काटना है।'

स्वप्निल जल्दी-जल्दी पुल पार करने लगा, लेकिन वह जैसे ही पुल के बीचों-बीच पहुंचा, पुल खट से टूट गया। यह देखकर वह डर गया। स्वप्निल को लगा, अब तो वह नदी में डूब जाएगा। वह पुल से नदी के पानी में गिरने ही वाला था, तभी एक दूसरे सुंदर से झूले पर वहां चिया आ गई। उसने सहारा देकर स्वप्निल को उस झूले पर ले लिया। चिया को अपने पास देखकर स्वप्निल का सारा डर उड़न-छू हो गया।

उसने देखा कि झूला सुंदर फूल-पत्ती और मजबूत लताओं का बना है। यह झूला किसी लकड़ी पर नहीं, हरी-पीली लंबी ककड़ी से बंधा है। ककड़ी का एक सिरा नदी के एक किनारे जेब्रा के कंधे पर है, दूसरा सिरा नदी के दूसरे किनारे पर कंगारू के कंधे पर है। बिना पंखों वाले कीवी और शुतुरमुर्ग भी उस ककड़ी को पकड़े हुए हैं। वहां एक रंगीन और सुंदर पंखों वाला मोर भी है। मोर नाच-नाच कर सबका मनोरंजन कर रहा है। एक रंग-बिरंगी तितली चिया और स्वप्निल के आस-पास मंडरा रही है। नीचे नदी के पानी में मछलियां लहरों के साथ अठखेलियां कर रही हैं। यह सब देखकर स्वप्निल बहुत खुश हुआ। अचानक उसे केक की याद आई। उसने आस-पास देखा। वहां न कहीं केक था, न ही गिफ्ट थे। तभी नदी के एक किनारे पर उसे एक लंबी पूंछ वाली चुहिया दिखी। चुहिया छिपकर स्वप्निल के केक को चट कर रही थी। कुछ गिफ्ट भी उस चुहिया ने कुतर-कुतर कर खराब कर दिए थे। यह देखकर स्वप्निल की सारी खुशी गायब हो गई। उसने दौड़कर उस चुहिया की पूंछ पकड़ ली और खींचते हुए जोर-जोर से रोने लगा, 'मेरा केक, मेरे गिफ्ट... मेरा केक, मेरे गिफ्ट...!'

तभी चिया की चीख सुनकर स्वप्निल की नींद खुल गई। उसने देखा, वहां न नदी थी, न ही झूला। न तितली थी और न ही चुहिया। जेब्रा और कंगारू, मोर और मछलियां भी नहीं थीं। उसके हाथ में चुहिया की पूंछ नहीं, चिया की चोटी थी, जिसे वह खींच रहा था और चिया दर्द से चिल्ला रही थी। मम्मी भी पास में ही खड़ी थीं।

स्वप्निल चिया की चोटी छोड़कर बोला, 'सॉरी चिया! लगता है मैं सपना देख रहा था।'

स्वप्निल ने अपना सपना मम्मी-पापा और चिया को सुनाया। उसका सपना सुनकर सभी को खूब हंसी आई। तभी मम्मी और चिया ने वहां टेबल पर सजाए गए केक और बहुत सारे गिफ्ट स्वप्निल को दिखाए। मम्मी बोली, 'देखो स्वप्निल, यह केक और गिफ्ट सब तुम्हारे लिए हैं और यह सपना नहीं है।'

चिया अपनी चोटी संभालते हुए बोली, 'और यहां चुहिया भी नहीं है।' चिया की बात सुनकर स्वप्निल और मम्मी-पापा जोर से खिलखिलाकर हंस दिए। *

कविता

दिनेश पाठक 'शशि'

छुक-छुक रेल

बच्चे मिलकर खेलें खेल।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
नंदू जी की गुड़िया बोली
आओ मिलकर खेलें-खेल।
हो जाते हैं खड़े इस तरह
बन जाएगी लंबी रेल।।
किंतु न करना कोई भैया
बिल्कुल धक्कम ठेला-ठेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
चिंकी-पिंकी, टिंकू डिब्बे
इंजन राजा भैया।
राजुल गार्ड दे रहा सीटी
नाचे ता-ता थैया।
डिब्बे बनकर सब करते हैं
देखो कैसी ठेलम-ठेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
नहीं तीसरा दरजा इसमें
नहीं है दरजा पहला।
भेद-भाव से दूर बहुत है
कोई न नहला-दहला।
खेल-मेल की इस गाड़ी का
नाम रखा है चुनमुन मेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।

अंतर बताओ

बच्चो, यहां डिफरेंट ब्रीड के डॉग्स के दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में सात अंतर हैं। तुम पांच मिनट में ये सातों अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर : 1.सबसे आगे बैठे डॉग की पूंछ मुड़ी हुई है। 2.बाईं तरफ आगे खड़े डॉग का एक अगला पैर मुड़ा हुआ नहीं है, चारों पैर जमीन पर टिके हैं। 3.बाईं तरफ पीछे बैठे डॉग के सिर से लेकर आंख तक का एक हिस्सा डिफरेंट कलर का है। 4.पीछे दौड़ रहे डॉग की नाक का अगला हिस्सा अलग तरह का है। 5.चित्र में पीछे दाईं तरफ सूरज चमक रहा है। 6.दाईं तरफ पीछे बैठे डॉग की जीभ अंदर है। 7.दाईं तरफ आगे बैठे डॉग का एक कान नहीं दिख रहा है।

एनिमल का नाम बताओ

बच्चो, नीचे दिए गए प्रत्येक एनिमल के चित्र के साथ कुछ अल्फाबेट्स दिए गए हैं। इन अल्फाबेट्स को सही से अरेंज करने पर एनिमल का नाम तुम्हें मिलेगा। तो देर किस बात की, अल्फाबेट्स अरेंज कर प्रत्येक चित्र के नीचे दिए गए बॉक्सेज में एनिमल के नाम लिखो।



खबर संक्षेप

इस्माइला में लगाया मेगा सर्विस शिविर

रोहतक। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की चेयरपर्सन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन के मार्गदर्शन व प्राधिकरण की सचिव तथा सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान की देखरेख में गांव इस्माइला में स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में मेगा सर्विस कैंप का आयोजन किया गया। सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ने कहा कि इस शिविर में सांपला खंड में आने वाले विभागों द्वारा हेल्प डेस्क लगाकर लोगों को विभाग की सेवाओं का लाभ प्रदान किया।

डॉ. रीतु बनी गवर्नमेंट कॉलेज महम की प्रधान

महम। वीरवार को महम के राजकीय महाविद्यालय में ऑल हरियाणा गनर्वमेंट कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन की स्थानीय ईकाई की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में एसोसिएशन की स्थानीय इकाई की कार्यकारीणी का चुनाव करवाया गया। जिसमें प्राध्यापिका डॉ. रीतु को स्थानीय इकाई का प्रधान चुना गया। साथ ही अन्य कार्यकारिणी का भी चुनाव किया गया, जिसमें प्राध्यापिका डॉ. शिल्पी को सचिव, प्राध्यापक डॉ. भूपेंद्र सिंह को वित्त सचिव एवं प्राध्यापक सुरेश कुमार को संगठन सचिव के रुप में निर्विरोध चुना गया। पूरी कार्यकारिणी को सर्वसम्मति से चुना गया। प्रिंसिपल रोहित कुमार ने कहा कि यह निर्विरोध चुनाव कॉलेज के शिक्षकों के बीच एकता और विश्वास का प्रतीक है।

महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान आयोजित

रोहतक। संविधान दिवस समारोह की श्रृंखला के अंतर्गत दादा लखमी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय में दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि विभाग की शिक्षिका प्रो. वागेश्वरी देसवाल द्वारा महिला सशक्तिकरण विधिक ढांचा और समानता की दिशा विषय पर व्याख्यान दिया गया। प्रो. देसवाल ने भारत में महिला अधिकारों के परिप्रेक्ष्य को संविधानिक प्रावधानों और विधिक प्रोटोकॉल के माध्यम से प्रस्तुत किया। उन्होंने संविधान में निहित मूल अधिकारों से लेकर न्यायपालिका के ऐतिहासिक निर्णयों और हाल की नीतिगत पहलों तक की विकास यात्रा को विस्तार से समझाया।

सरकारी स्कूल में योग शिविर सम्पन्न

महम। आयुष विभाग द्वारा कस्बा महम के भिवानी रोड स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में योग शिविर लगाया गया। यह छह दिवसीय योग शिविर था। इस शिविर में बच्चों को योग की ट्रेनिंग दी गई। साथ ही बच्चों को खानपान संबंधी सावधानियों के बारे में बताया गया। योग प्रशिक्षक विकास सिवाच ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा जिले भर में ये योग शिविर लगाए जा रहे हैं। ताकि लोग योग का प्रशिक्षण लेकर स्वस्थ जीवन जी सकें।

थैलेसीमिया के बारे में लोगों को करें जागरूक: डॉ. एचके अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि कुलपति डॉक्टर एचके अग्रवाल । फोटो : हरिभूमि



रोहतक। बच्चें को सम्मानित करते निदेशक डॉ. एसके सिंघल,डीन डॉक्टर कुलदीप लालर,सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र ,डॉ गजेंद्र, डॉ अशोक राठी, डॉ हिमांशु व डॉ एन डी वासवानी। फोटो : हरिभूमि

पीजीआईएमएस के लेक्चर थियेटर वन में गुरुवार को विश्व थैलेसीमिया दिवस के उपलक्ष्य पर थैलेसीमिया वेलफेयर सोसाइटी व नारायणा अस्पताल गुरुग्राम के साथ मिलकर एक दिवसीय सीएमई (कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन) कम एचएलए कैंप का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कुलपति डॉक्टर एचके अग्रवाल उपस्थित हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने थैलेसीमिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसके प्रभावी प्रबंधन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया एक गंभीर बीमारी है जिसके लिए समय पर निदान और उपचार आवश्यक है। हमें काउंसलिंग के माध्यम से बचाव के स्तर पर ही इसे रोकना चाहिए। थैलेसीमिया होने पर हमें ताउम्र ब्लड ट्रांसफ्यूजन पर निर्भर रहना पड़ता है ऐसे में सामाजिक और भावनात्मक परामर्श बहुत अहम भूमिका निभाता है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम इस बीमारी को रोकने के लिए बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएं। निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने बताया कि थैलेसीमिया के मरीजों के लिए डॉक्टर अलका यादव द्वारा एक स्पेशल क्लिनिक चलाया जा रहा है। वही बड़े बच्चों को समस्या आने पर मेडिसिन विभाग के डॉक्टर सुधीर अत्री द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। मरीज का संपूर्ण इलाज एक टीम के माध्यम से ही संभव है ऐसे में हम सभी को मिलकर थैलेसीमिया के मरीज को उच्च गुणवत्ता का इलाज उपलब्ध करवाना चाहिए। आज नारायणा अस्पताल द्वारा जो यह एचएलए कैंप लगाया जा रहा है उसे निश्चित रूप से बहुत सारे बच्चे लाभान्वित होंगे। सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम के लिए डॉक्टर अलका यादव की टीम बधाई की पात्र हैं जिन्होंने थैलेसीमिया के मरीजों के लिए इतना अच्छा कार्य किया है। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया के इलाज में स्वास्थ्य विभाग हरियाणा का हमेशा भरपूर सहयोग रहेगा। इस सीएमई का उद्देश्य भावी स्वास्थ्य चिकित्सको को थैलेसीमिया के बारे में नवीनतम जानकारी प्रदान करना और इसके प्रबंधन में सुधार करना था। । इस अवसर पर डीन डॉक्टर कुलदीप लालर, डॉ गजेंद्र, डॉ अशोक राठी, डॉ हिमांशु, डॉ एन डी वासवानी, डॉ आलोक, डॉ अंजली आदि हिमोफिलीया, शिशु विभाग के चिकित्सक सहित सैकड़ो विद्यार्थी व आमजन उपस्थित रहे।

विशेषज्ञों ने अनुभव किए साझा

कार्यक्रम में विशेषज्ञों डॉ सुनील भट्ट, डॉ पंकज अबरोल, डॉ मेघा सरोहा ने थैलेसीमिया के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और अपने अनुभव सांझा किए। डॉ सुनील भट्ट ने थैलेसीमिया के मरीजों के लिए नवीनतम उपचार विकल्पों और उनकी देखभाल के बारे में चर्चा की। डॉ सुधीर अत्री ने बताया कि थैलेसीमिया खून से जुड़ी एक गंभीर बीमारी है जिसमें व्यक्ति के शरीर में हीमोग्लोबिन बनना बंद हो जाता है। यह बीमारी पेरेंट्स से बच्चों तक पहुंचती है। उन्होंने कहा कि यह दिन थैलेसीमिया के मरीजों को समर्पित है, जो इस बीमारी से जूझ रहे हैं

आतंकियों पर जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की उठी आवाज

आतंकियों की कायराना हरकत से फैला लोगों में आक्रोश, जगह-जगह प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। गांव मदीना कैंडल मार्च निकालते मेरा गांव मेरी शान संगठन के सदस्य।

रोहतक। प्रदर्शन करते नागरिक मंच के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

सुरक्षा बलों की कमजोरी भी गंभीर चिंता का विषय

कार्यक्रम में बार एसोसिएशन की पूर्व उपाध्यक्ष एडवोकेट चेतना अरोड़ा ने कहा कि सुरक्षा बलों की कमजोरी भी गंभीर चिंता का विषय है। चंचल नांदल ने कहा कि आकर्षक पर्यटक स्थल और वाहन रहित यात्रा के स्थान को इतना असुरक्षित बना देना कतई सही नहीं है। सीटू के नेता सतबीर सिंह ने कहा कि पोनी पर यात्रियों को ले जाने वाले स्थानीय युवक ने पर्यटकों को बचाते हुए अपनी जान गवां कर मानवता की मिसाल कायम की है। सभा को कदम सिंह अहलावत पूर्व पार्षद ने भी संबोधित किया। हरीश ठेकेदार अध्यक्ष नूरानी मस्जिद कमेटी ने आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की।

रोहतक। कैंडल मार्च निकालते भाजपा युवा मोर्चा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

गत मंगलवार को पहलगाम में 26 लोगों की आतंकवादियों द्वारा की गई हत्या के विरोध में वीरवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों ने केंडल मार्च निकालकर रोष दर्ज करवाया। गांव मदीना में मेरा गांव मेरी शान संगठन के सहयोग से भगत सिंह चौक से शहीदी स्थल तक कैंडल मार्च निकाला गया और 2 मिनट मौन धारण करके श्रद्धाजलि अर्पित की। आतंकियों द्वारा किए गए हमले की निंदा की गई और सरकार से अपील की गई कि सरकार इसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करे इसमें मेरा गांव मेरी शान संगठन संदीप दांगी ,अंकित दांगी,कुलबीर दांगी,मोनू दांगी,प्रदीप दांगी,विनोद दांगी ओर अन्य साथियों ने सहयोग किया

शहर में नागरिक मंच आतंकी हमले की निंदा और मारे गए निर्दोष यात्रियों के परिवारों के लिए हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए मानसरोवर पार्क में रोष सभा का आयोजन किया गया। सभा में शहर के करीब 75 व्यक्तियों ने भाग लिया। सभी गणमान्य नागरिकों ने एक स्वर में आतंकी हमले की घोर निंदा करते हुए समाज में एकता बनाए रखने की अपील की। सभा की अध्यक्षता डॉ. रणबीर दहिया, कप्तान शमशेर मलिक एवं सुशीला ने की। सभा का संचालन नागरिक मंच के संयोजक लाभ सिंह हुड्डा ने किया। सभा को संबोधित करते हुए प्रमोद गौरी ने कहा कि आतंकी हमले जैसा घिनौना कार्य कोई दूसरा नहीं हो सकता। निर्दोष व निहत्थे पर्यटकों की हत्याएं करके आतंकवादी हमारे देश का मनोबल कमजोर करने के साथ साथ कश्मीर को असुरक्षित क्षेत्र बनाए रखने के मंसूबे भी दर्शा रहे हैं। उन्होंने लोगों को भाईचारा बनाए रखने की अपील की। मजदूर नेता सुरेंद्र सिंह ने सभा में बोलते हुए हमले में एक धर्म विशेष के लोगों की हत्या करने को देश में सांप्रदायिकता फैलाने की साजिश बताते हुए जनता को सचेत रहने की अपील की और साथ ही सरकार से आतंकियों को जल्द से जल्द कड़ी कार्यवाही करने का सुझाव दिया। इस मौके पर हर्ष मालिक एडवोकेट ने सरकार से कड़ी कार्रवाई की अपील की। महिला कार्यकर्ता मनीषा ने सोशल मीडिया पर चल रहे सांप्रदायिक प्रचार से सचेत रहने की अपील की। सर्व कर्मचारी संघ के नेता जयवीर चहल ने भी इस घटना पर गहरा शोक प्रकट किया। सुमित दलाल ने किसान सभा की ओर से मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए भाईचारे की अपील की। इस रोष सभा में रमणीक मोहन, एसजेडएच नकवी, रामचंद सिवाच, अमिता, सविता मलिक, सरसिज, प्रीत सिंह, राजबीर बजाड़,शमशेर मलिक, विनोद गिल, विनोद कुमार, एडवोकेट वीना मलिक, डॉ. बलराम काद्यान मौजूद रहे।

आतंकवाद के खिलाफ आक्रोश

आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

रोहतक। आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में शिक्षण स्टाफ व विद्यार्थियों ने पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी व उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। वरिष्ठ शिक्षक डॉक्टर सुनील भारद्वाज ने कहा कि आतंकियों की इस नापाक साजिश से कई परिवार उजड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में पूरा देश इन परिवारों के साथ खड़ा है। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा, उपाध्यक्ष राम अवतार गुप्ता, सचिव राजेश सहगल व प्रधानाचार्या डॉ अरुणा तनेजा ने भी शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की।

दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी

रोहतक। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की याद में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में शोक सभा आयोजित की गई। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि पूरा एमडीयू समुदाय इस हृदय विदारक घटना के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि यह हमला केवल निर्दोष लोगों पर नहीं, बल्कि मानवता पर हमला है। हमें एकजुट होकर आतंकवाद के विरुद्ध खड़े होने की आवश्यकता है। कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने शोक संदेश पढ़ा। सभी ने पहलगाम हमले की निंदा करते हुए दो मिनट का मौन रखा और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

किसान-जवान चौक तक कैंडल मार्च निकाला

रोहतक। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस दर्दनाक घटना में जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि देने और उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए यह कैंडल मार्च निकाला गया, जिसमें सैंकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। लि सचिव अमित पिलाना ने कहा कि यह समय पीड़ितों के साथ खड़े होने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का है। अमित ने कहा कि आतंकवादियों के इस प्रकार के हमलों के कारण न केवल सुरक्षा बलों की जान जाती है, बल्कि पूरे जम्मू-कश्मीर और भारत के नागरिकों को भी इससे खतरा होता है।

मंगल कार्य भगवान के मोक्ष से संपूर्ण होता है:जैन मुनि

रोहतक। आज मोक्ष कल्याण का दिवस है। पंचकल्याणक के अवसर पर जो गर्व, तप, जन्म, और ज्ञान कल्याणक का मंगल कार्य देखा उसी कार्य की आज समाप्ति है। मंगल कार्य भगवान के मोक्ष से संपूर्ण होता है। यह उद्गार मुनि श्री 108 प्रणम्यसागर महाराज ने अपने संबोधन में श्रद्धालुओं को कहे। श्री दिगंबर जैन मंदिर सराय मौहल्ला रोहतक एवं सकल जैन समाज के द्वारा आयोजित झज्जर रोड पर स्थित श्री 1008 भगवान शांतिनाथ जैन मंदिर, जैन जतिजी में अंतिम दिवस पर पंचाकल्याण एवं दो नवनिर्मित वेदी में प्रतिमाओं को इंद्रों के द्वारा विराजमान किया।

आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार।

पंचायती राज संस्थाओं स्थिति एवं भूमिका पर चर्चा की

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रूरल डेवेलपमेंट एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय रिसर्च चेयर के सहयोग से राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर हरियाणा के ग्रामीण विकास में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका विषय पर एक विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर रोहतक के अपर उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बतौर मुख्य वक्ता कार्यक्रम में शिरकत की। विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया ने व्याख्यान की विषयवस्तु पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता नरेंद्र कुमार ने पंचायती राज संस्थाओं की वर्तमान स्थिति एवं उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।

पार्टी के मजबूत संगठन को लेकर बनाई रणनीति

रोहतक। जननायक जनता पार्टी कार्यालय जिला रोहतक पर जिला रोहतक के चारों हल्कों की अति आवश्यक मीटिंग हुई। इसकी अध्यक्षता मुख्य अतिथि जिला प्रभारी पूर्व विधायक राजदीप फौगाट व सुमित राणा ने की। साथ में कार्यवाहक जिला प्रभारी हरज्ञान मोखरा एवं कार्यवाहक जिला प्रधान डॉक्टर संदीप हुड्डा मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य रोहतक जिले के चारों हल्कों में पार्टी के आगामी मजबूत संगठन के विस्तार के लिए रणनीति बनाई गई।

शैक्षणिक भ्रमण से पैदा होती है नवाचार और व्यावहार की समझ : डॉ. वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। एमएसएमई इकाई का शैक्षणिक भ्रमण के लिए जाने वाले बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी रोहतक के प्रबंधन एवं वाणिज्य संकाय के छात्र साथ में कुलपति डॉ. एचएल वर्मा । फोटो : हरिभूमि

बीएमयू के प्रबंधन एवं वाणिज्य संकाय ने छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ने के लिए एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) इकाई का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ उद्योग जगत की वास्तविकताओं से भी अवगत कराना रहा, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें। इस शैक्षणिक भ्रमण में 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिन्हें औद्योगिक प्रक्रियाओं, प्रबंधन तकनीकों और उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। इस अनुभव से छात्रों को भारतीय अर्थव्यवस्था में एमएसएमई सेक्टर की भूमिका और उसके योगदान को समझने का भी अवसर मिला। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचएल वर्मा ने कहा कि आज के युग में केवल पुस्तकीय ज्ञान पर्याप्त नहीं है। छात्रों को वास्तविक उद्योग वातावरण से जोड़ना उनके करियर निर्माण की एक मजबूत नींव है। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में नेतृत्व, नवाचार और व्यावहारिक समझ का विकास करते हैं। वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में औद्योगिक जागरूकता और व्यावसायिक समझ छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अनिवार्य हो चुकी है। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण छात्रों को न केवल उद्योग की कार्यप्रणाली को समझने में मदद करते हैं, बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता, समस्या समाधान कौशल, टीम वर्क और नवाचार की सोच को भी जन्म देते हैं।

अनुभव से मिलती है उद्यमिता की प्रेरणा

विवि का उद्देश्य छात्रों को कक्षा की सीमाओं से बाहर निकालकर उन्हें वास्तविक दुनिया के अनुभव प्रदान करना है, जिससे वे आत्मनिर्भर, दक्ष और समाज के लिए उपयोगी नागरिक बन सकें। एमएसएमई जैसे क्षेत्रों से छात्रों का सीधा संपर्क उन्हें भारतीय औद्योगिक परिप्रेक्ष्य को समझने में सहायता करता है, साथ ही यह अनुभव उन्हें उद्यमिता की ओर भी प्रेरित करता है। इस आयोजन का संचालन सीसीपीसी के अध्यक्ष डॉ. अभिषेक के निर्देशन में हुआ। कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों को सिर्फ सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं रखना है, बल्कि उन्हें उद्योग की दुनिया से जोड़कर एक पूर्ण प्रोफेशनल के रूप में तैयार करना है। संकाय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. सवीन, डॉ. मोनिका तथा डॉ. देवेंद्र ने छात्रों को उद्योग की संरचना, संचालन प्रणाली, उत्पादन प्रबंधन और विपणन रणनीतियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

शिव देव सर्विसेज
आवश्यकता है
मैन पावर कंपनी में
• एचआर हेड (महिला)
• फील्ड ऑफिसर
• टेलीकॉलर (महिला)
सिक्योरिटी गार्ड और हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए सम्पर्क करें।
202, टाउन सेंटर मॉल, डी-पार्क, रोहतक
अपना रिज्यूम व्हाट्सएप्प करें M. 9991789000

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
Dr. Kawatra Rohtak.com
WE... THE BEST CREATION OF ALMIGHTY CREATOR SERVING HUMANITY FOR THEIR WELL BEING
RELATIONSHIP MANAGEMENT
Wish you speedy Recovery
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
• PRO 5
• NURSING STAFF 4
• ICU STAFF 10
• MALE NURSING STAFF 5
• HOUSE KEEPING 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

PRIME SCHOOL UNIFORMS
Mfrs & Traders: All Types of School Uniforms, T-Shirts, Lower & Track Suits etc.
Deals in All Kind of School Bag, School Shoes & Stationary Items
Shoes 20% off
VIPIN KUMAR M. 9812587499
All School Dress also available
All Vaish School ▸Vedanta School
Shiksha Bharti ▸Scholar Rosary
St. Pall School ▸ZAD Global School
Model School ▸Shivalik School
DAV School ▸MRGS School ▸Baba Mast Nath School ▸ GD Royal School
802/12, Arya Nagar, Opp. Vedic Ashram, Near HUDA Complex, Rohtak | Ph.: 01262-258299

मिशन बुनियाद के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम

146 विद्यार्थियों ने दी बुनियान लेवल-3 की परीक्षा

- मिशन बुनियाद की टीम ने विद्यार्थियों को दिए कामयाबी के मंत्र : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा

जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक की अध्यक्षता में बुनियाद ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा, डाइट प्राचार्य वीरेंद्र मलिक, जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक तथा उप जिला शिक्षा अधिकारी राजबाला एवं मुन्नी सहारन, बुनियाद मिशन के फाउंडर नवीन मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दौरान बुनियाद लेवल 3 की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 156 विद्यार्थियों में से 146 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। मिशन बुनियाद के फाउंडर डायरेक्टर नवीन मिश्रा और उनकी टीम ने विद्यार्थियों और अभिभावकों की काउसलिंग की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरकारी स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करके उसे पूरा करने के लिए लगातार प्रयास करते रहना चाहिए ताकि वे अपने लक्ष्य को हासिल कर पाए। अपने जीवन के अनुभव सांझा करते हुए उन्होंने बताया कि जिस प्रकार मिशन बुनियाद की एक्सपर्ट टीम कामयाबी के मंत्र दे रही है, इसी प्रकार का मार्गदर्शन सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए पहले कभी उपलब्ध नहीं था। जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक ने बच्चों से कहा कि वे अच्छी बुनियादी शिक्षा के द्वारा भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

माता पिता को उनकी जिम्मेदारियों के बारे बताया

डाइट प्राचार्य वीरेंद्र मलिक ने बच्चों के साथ साथ माता पिता को भी उनकी जिम्मेदारियों के बारे बताया कि वे कैसे अपने बच्चों को सफल बना सकते हैं। इस अवसर पर जिला विज्ञान विशेषज्ञ समीर मान, जिला गणित विशेषज्ञ दीपक अरोड़ा, खंड शिक्षा समन्वयक सुंदरलाल, जय भगवान, खंड शिक्षा अधिकारी रितु पंघाल, सरिता खनगवाल, सुमन हुड्डा, प्रवक्ता डॉ रितु मलिक, जेई सोनू, डीपीई सतीश मलिक, ओमपाल, अलका मदान, भावना, सोनिया सहित अन्य मौजूद रहे।

सिमरन तथा रवीना बनी प्रेरणास्त्रोत

कार्यक्रम में बुनियाद और सुपर 100 की विद्यार्थी सिमरन और रवीना सभी बच्चों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी, जिन्होंने रोहतक के सरकारी स्कूलों में पढ़कर तथा मिशन बुनियाद में रजिस्ट्रेशन करवा कर जेईई और नीट जैसी प्रतियोगिताओ में बाजी मारी और इन दोनों को अच्छी प्लेसमेंट भी मिली। इनकी कामयाबी से सभी विद्यार्थी अभिप्रेरित हुए। जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक तथा डाइट प्राचार्य वीरेंद्र मलिक ने इन बच्चों और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।

यौन उत्पीड़न विषय पर सेमिनार आयोजित

रोहतक। एमएस सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीरवार को यौन उत्पीड़न जैसे गंभीर विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। आजकल हम देखते हैं कि छोटी से लेकर बड़ी सभी उम्र की लड़कियों के साथ गलत काम करने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसलिए जरूरी हो गया है कि हम अपनी बेटियों को इस विषय में जागरूक करें। इसी तथ्य को ध्यान में रखकर आज विद्यालय में सातवीं से बारहवीं कक्षाओं की छात्राओं को पूरी जानकारी दी गई। सरस्वती बीएड

कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्रधानाचार्या डॉक्टर रूपा यादव और विद्यालय में जीव विज्ञान की अध्यापिका डॉक्टर शालिनी जुनेजा ने इस विषय पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने छात्रओं को गुड टच, बैड टच के बारें में बताया और समझाया कि अगर कोई उन्हें गलत नजर से देखता है या कुछ करता है तो उस स्थिति का सामना उन्हें कितनी समझदारी से करना चाहिए। डॉ. शालिनी ने लड़कियों को मासिक धर्म और उससे संबंधित होने वाले बीमारियों एवं उनसे बचाव के बारे में भी बताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या रितू ने भी लड़कियों का इस दिशा में मार्गदर्शन किया और जीवन पथ पर सावधानीपूर्वक आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

खबर संक्षेप

मदवि में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल (सीसीपीसी) के तत्वाधान में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बैंकिंग सेवाओं के क्षेत्र में गुरुग्राम स्थित एक्सिस बैंक ने सहायक प्रबंधक प्रोफाइल के लिए एमडीयू की विजिट की।

शिव संगम अकादमी ने 43 रन से जीत हासिल की

रोहतक। शिव संगम क्रिकेट अकादमी और गोयल क्रिकेट क्लब के बीच 40 ओवर का एक अभ्यास मैच खेला गया। यह मैच वीरवार को जिले के हनुमंत क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किया गया। शिव संगम क्रिकेट अकादमी की टीम ने यह मैच 43 रन से जीत लिया। शिव संगम क्रिकेट अकादमी की ओर से प्रतीक ने साठ रन और योगेश ने 42 रन बनाए। गोयल क्रिकेट क्लब की ओर से अमोल गर्ग ने चार विकेट और अभिनव गुप्ता ने दो विकेट लिए। इस मैच में 'बेस्ट बल्लेबाज' प्रतीक को और 'बेस्ट गेंदबाज़' अमोल को चुना गया। इस मैच में गोयल क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए शिव संगम की टीम 39.2 ओवर में 193 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

एमडीयू ने गांव माड़ौदी से अभियान का किया शुभारंभ

नशा मुक्त घर अभियान आज विश्व की जरूरत : प्रो. राजबीर

नशा उन्मूलन में मील का पत्थर साबित होगा यह महाअभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के उपलक्ष में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने गांव माड़ौदी रांगड़ान में नशा मुक्त घर अभियान प्रारंभ हुआ। यूनिवर्सिटी आउटरीच द्वारा प्रारंभ किए गए इस अनूठे एवं ऐतिहासिक अभियान के तहत आज देश की पहली ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बता दें कि इस ऐतिहासिक एवं अनूठे कार्यक्रम का आइडिया एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने दिया है।

नशा मुक्त घर अभियान के आरंभकर्ता एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने नशा मुक्त घर अभियान को विश्व की आवश्यकता बताते हुए इसे परिवार और समाज की सुरक्षा में अहम कदम बताया। उन्होंने कहा कि आज की वैश्विक परिस्थितियों में नशा मुक्त घर अभियान केवल एक सामाजिक प्रयास नहीं, बल्कि समय की सबसे बड़ी जरूरत बन चुका है। उन्होंने कहा कि नशा जहां एक ओर व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, वहीं दूसरी और यह पूरे परिवार और समाज की जड़ों को भी खोखला कर देता है। कुलपति ने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव, बच्चों के सुरक्षित बचपन, अपराधों की कमी और आर्थिक बचत के लिए नशा मुक्त घर अभियान जरूरी है। नशामुक्त परिवारों को बढ़ावा एवं प्रोत्साहन देने की जरूरत है ताकि समाज में ये रोल मॉडल बनें। उन्होंने कहा कि इस अभियान से एमडीयू से संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा और एमडीयू के विद्यार्थी ग्राम सारथी के तौर पर सजग वालंटियर्स के तौर पर इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाएंगे और भविष्य में देश में नशा उन्मूलन की दिशा में यह अभियान मील का पत्थर साबित होगा।

महिलाओं ने नशे से घर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवाया

कार्यक्रम में एमडीयू के ग्राम सारथियों (आउटरीच वालंटियर्स) ने ग्राम सभा का अभ्यास मॉडल विवि के विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित किया गया। एमडीयू के यूआईईटी के प्रिंस कुमार ने ग्राम सचिव की भूमिका तथा एमडीयू की छात्रा गुजरात की यांशि देसाई ने हरियाणवी सरपंच की भूमिका का निर्वहन किया। प्रतिष्ठित ग्रामीण विजेन्द्र ने एमडीयू की इस पहल की सराहना की और कहा कि नशामुक्त घर अभियान नशा उन्मूलन में अहम भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में नशे से घर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों बारे ग्रामीण महिलाओं ने अपनी बात रखी। नशे का सेवन करने वाले ग्रामीणों ने नशे से दूर रहने का प्रयास करने की बात कही। श्रीकृष्ण और सतबीर ने इस दौरान नशा छोड़ने की इच्छा जताई और इस दिशा में सरकार द्वारा गांवों में पहल करने की जरूरत की बात कही।

ज्यादा से ज्यादा घरों को अभियान से जोड़ा जाएगा

भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा डा. शरणजीत कौर ने अभियान की सराहना करते हुए इसे देश में अपने आप में अनूठी पहल बताया। डा. शरणजीत कौर ने ग्रामीणों से घरों में नशा न करने, बच्चों को नशे से दूर रखने, नशा पीड़ित लोगों की सहायता करने, काउंसलिंग और पुनर्वास केन्द्रों से उन्हें जोड़ने और इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव सरपंच मौसम ने की। उन्होंने कहा कि गांव के लोगों को इस अभियान से जोड़कर ज्यादा से ज्यादा घरों को नशा मुक्त घर अभियान से जोड़ा जाएगा। एमडीयू आउटरीच के प्रोफेसर इन प्रैक्टिस तथा प्रतिष्ठित समाजसेवी सुनील जागलान ने बतौर माडरेटर कार्यक्रम में ग्रामीणों को नशामुक्त घर अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गांव बीबीपुर समेत अन्य उदाहरण देते हुए ग्रामीणों को नशे से दूर रहने एवं नशा मुक्त घर अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। यूनिवर्सिटी आउटरीच निदेशिका प्रो. अंजू धीमान ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

माड़ौदी में लगभग 450 घरों में से केवल 22 घर ही नशामुक्त

ग्रामीण महिलाओं ने भी इस अवसर पर नशे बारे ग्रामीण हालात सामने रखें और नशे से घर एवं परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि गांव माड़ौदी में लगभग 450 घरों में से केवल 22 घर ही नशामुक्त हैं। गांव की जनसंख्या 2800 है। यह सर्वे विश्वविद्यालय के आउटरीच के वालंटियर्स द्वारा किया गया है, जिनका रजिस्ट्रेशन ग्राम सचिव सूरज सैनी ने गांव की कार्यवाही रजिस्टर में किया गया है। यूनिवर्सिटी आउटरीच के ग्राम सभा सारथियों ने अपने अनुभव साझा किए।

कक्षा तत्परता कार्यक्रम के तहत सभी बच्चों को किया जाएगा दक्षताओं में निपुण : रूपांशी हुड्डा

रोहतक। बीआरसी कार्यालय में वीरवार को मासिक बीपीइयू बैठक का आयोजन किया गया। इसमें 17 क्लस्टर्स के एबीआरसी व ब्लाक रोहतक के बीआरपी उपस्थित रहे। ब्लॉक एफएलएन सहसंयोजक पूनम व जिला सहसंयोजक रूपांशी हुड्डा ने बैठक के एजेंडे पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान प्रवेश उत्सव व कक्षा तत्परता कार्यक्रम पर चर्चा की गई। इस विषय में विद्यार्थियों को पिछली कक्षाओं की दक्षताओं में निपुण बनाने के लिए किए जाने वाले प्रयासों व गतिविधियों पर सामूहिक विचार विमर्श किया गया। साथ ही बाल वाटिका से पांचवीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों के प्रभावी उपचारात्मक अध्ययन को लागू करने पर चर्चा की गई। खंड संसाधन समन्वयक सुंदरलाल कौशिक ने सरकारी विद्यालयों में एडमिशन प्रक्रिया में नामांकन बढ़ाने की नीतियों पर चर्चा की व गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को बंद करवाने को तत्परता पूर्वक अनुपालना करने के निर्देश दिए। इस दौरान खंड के विद्यालयों में चल रही अध्यापकों की बेस्ट प्रैक्टिस व मेंटर्स की सफल स्टोरी भी साझा की गई।

इंजीनियरिंग एसो. ने किया प्रदर्शन

रोहतक। राजीव गांधी विद्युत भवन के बाहर इंजीनियरिंग एसोसिएशन द्वारा गेट मीटिंग कर विरोध प्रदर्शन किया।

चेयरमैन हरीश कौशिक ने मंत्री कृष्णलाल पंवार को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया

रोहतक। को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन हरीश कौशिक ने सहकारिता राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्यातिथि कृष्णपाल गुर्जर राज्य सहकारिता मंत्री भारत सरकार एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अरविंद कुमार शर्मा सहकारिता मंत्री हरियाणा सरकार का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान पैक्स प्रबंधक, पैक्स प्रबंध समिति के सदस्य एवं सहकार बंधुगण उपस्थित रहे।

एनईपी 2020 भविष्य की नई दिशा

- शिक्षा भारती विद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना रोड पर वीरवार को कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय था राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों के भविष्य की नई दिशा। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नीति के पक्ष और विपक्ष में अपने विचार अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। वाद-विवाद के दौरान छात्रों ने एनईपी 2020 के विभिन्न पहलुओं जैसे कि 5+3+3+4 शिक्षा ढांचा, मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट, मल्टीडिसिप्लिनरी शिक्षा प्रणाली, और बोर्ड परीक्षाओं में बदलाव जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने बताया कि यह देखना अत्यंत हर्ष का विषय है कि हमारे विद्यार्थी नीतियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रखते। बल्कि उनके सामाजिक और व्यवहारिक पक्षों पर विचार करते हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास की दिशा में मील का पत्थर हैं। कार्यक्रम के संयोजक शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 केवल एक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि यह भारत के भविष्य की नींव है। आज के इस वाद-विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से हम छात्रों को न केवल इस नीति की बारीकियों से परिचित कराना चाहते हैं, बल्कि उनमें स्वतंत्र सोच और विश्लेषण की क्षमता का विकास भी करना चाहते हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एस.के. गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक एवं डा. दिनेश मदान ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए शुभकामनाएं की। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

आधुनिक प्रोजेक्ट तैयार कर विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

सांपला। गुरुवार को सर छोटू राम राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज में वार्षिक प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि सुशांत शेखर, निखिल भट्ट व अरुण ओझा रहे। इसमें अलग-अलग विभाग के विद्यार्थियों ने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। क्लासरूम में थ्योरी की लगातार पढ़ाई से बाहर निकलकर छात्रों ने उसे प्रैक्टिकल रूप में अपने प्रोजेक्ट के जरिए समझने का प्रयास किया। अधिकांश छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट में आने वाले दिनों में हवा साफ करने, इलैक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन, नदी, ड्रेनों पर पुल कैसे तैयार करें जो लंबे समय तक सुरक्षित रहे। इसके अलावा भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सूचना को बढ़ावा देने वाले प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। उन्होंने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए भविष्य में और बेहतर इंजीनियर एवं अच्छा इंसान बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आज आधुनिक समय है।

एसजेके कॉलेज में प्रबंधन समिति के कार्यालय भवन का उद्घाटन

रोहतक। सत जीन्दा कल्याणा महाविद्यालय कलानौर में कॉलेज की प्रबन्धन समिति के कार्यालय भवन का उद्घाटन वर्तमान गद्दी नशीन महन्त खुशहाल दास द्वारा वैदिक मन्त्रोच्चारण व हवन के साथ किया गया। महंत खुशहाल दास महाराज ने समस्त कॉलेज प्रबन्धन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में अपने कर कमलों से रिबन काटकर कार्यालय भवन का शुभारंभ किया। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने सभी को शुभकामनाएं दी व कहा कि नव निर्मित इस कार्यालय भवन में प्रबन्धन समिति की बैठकें की जा सकेंगी। हवन यज्ञ कॉलेज के संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश कुमार व तुषार शास्त्री द्वारा सम्पन्न करवाया गया। हवन समापन के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबन्धन समिति के महासचिव महेन्द्र कुमार खुराना, कोषाध्यक्ष गौरव जुनेजा, प्रबन्धन समिति के सदस्य वेद प्रकाश बत्तरा, महेश चौधरी, सुमित बत्तरा, गौरव कवातडा, तारा भाई खुराना, हेमन्त बत्तरा, मनीष चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

विद्यार्थियों ने एमडीयू की उपलब्धियों को जाना

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर समागार की गैलरी में विश्वविद्यालय के 50वें स्थापना दिवस पर संचालित की जा रही प्रदर्शनी में वीरवार को रोहतक के स्कूलों एवं शिक्षण महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने विजिट की और एमडीयू की पचास बरस की गौरवशाली विकास यात्रा और विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों, शोध, शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक समेत अन्य क्षेत्रों की उपलब्धियों, सुविधाओं एवं पाठ्यक्रमों बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी में मॉडल स्कूल, पठानिया पब्लिक स्कूल, महेन्द्रा मॉडल स्कूल, राष्ट्रीय कॉलेज ऑफ एजुकेशन तथा केवीएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विजिट की। विजिटर्स ने एमडीयू की विकास यात्रा को जानते हुए विश्वविद्यालय में संचालित किए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी हासिल की। उन्होंने बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफॉर्मेटिक्स, मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी, जेनेटिक्स विभाग द्वारा चलाए जा रहे पाठ्यक्रमों को जानने में विशेष रूची दिखाई।

जायजा

मुख्य सफाई निरीक्षक को मौक पर दिए निर्देश

संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी ने वार्ड-1 का किया निरीक्षण, सुनीं समस्याएं

कूड़े के ढेर कम किए जाने व वार्डो में निरंतर निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी ने वीरवार को वार्ड-1 में निरीक्षण कर आमजन की समस्याओं को सुना है। यह निरीक्षण पार्षद अक्षय कुमार की अध्यक्षता में किया गया। वहीं पार्षद ने अवगत करवाया कि वार्ड में घर-घर से कूड़ा लेने वाली गाड़ियों की संख्या बढाई जाए। इसके लिए मुख्य सफाई निरीक्षक को मौके पर निर्देश दिए गए तथा जल्द से जल्द समस्या का निदान करवाया जाए व गाड़ियों की संख्या बढ़वाई जाए। वार्ड में काफी जगह पर सीवर के ढक्कन आदि टूटे हुए है तथा पीने के पानी की भी काफी समस्या है, जिस बारे कार्यकारी अभियंता, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, रोहतक को निर्देश दिए गए कि जल्द से जल्द टूटे हुए ढक्कन को बदलवाया जाए। संयुक्त आयुक्त ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियो को निर्देश किया गया कि वर्तमान समय गर्मी का मौसम है। इसलिए वार्ड में पीने के पानी की समस्या का समाधान किया जाए। सफाई शाखा के अधिकारियो को निर्देश दिए गए कि सफाई व्यवस्था में और अधिक सुधार किया जाए तथा कूड़े के ढेर कम किए जाए व वार्डो में निरंतर निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर नगर अभियंता सुनिल शर्मा व तरूण कुमार, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक सचिन, सहायक सफाई निरीक्षक नरेंद्र, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से कार्यकारी अभियंता संजीव कुमार, एसडीओ प्रदीप कुमार व मुकेश कुमार उपस्थित रहे।